AQ.1

परियोजना का नामः— जिला योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में कमेड़ी देवी से झॅाकरा तक 3किमी0मोटर मार्ग का निर्माण

# प्रतिवेदन

शासनादेश संख्या 932बी0/111(2)/जिला योजना 11—12दिनांक 06.06.2011 द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र, कपकोट में कमेड़ी देवी से झाकरा तक मोटर मार्ग लम्बाई 3.00 कि0मी0 के निर्माण हेतु प्रथम चरण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति रू00.50 लाख के लिए प्रदान की गयी है। (शासनादेश की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न है।)

राज्य योजना के अन्तर्गत कमेड़ी देवी से झॅाकरा तक मोटर मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. के निर्माण हेतु सर्वे एवं वनभूमि प्रस्ताव गठित हेतु की प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।जनपद के कमेड़ी देवी से झॅाकरा तक मार्ग की कुल लम्बाई 3.00 कि0मी0 आती है।

कमेड़ी देवी से झॅाकरा तक की जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार है और यह ग्राम अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़ा है। सीमित कृषि भूमि होने के कारण ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय पशुपालन एवं आलू आदि उत्पादन है। वर्तमान में यातायात के साधन न होने से स्थानीय जनता को अपने दैनिक उपभोग की वस्तुओं को घोड़े व खच्चरों के माध्यम से लाना पड़ता है। ढुलान व्यय अधिक होने से इसका विपरीत असर गरीब जनता की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है।इस गॉव में अनुसुचित जाति के लोग भी निवास करते है। इस मोटर मार्ग का निर्माण हो जाने से गांव का विकास होगा, युवाओं के लिए पर्यटन के क्षेत्र में नये रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे जिससे उनका शहरों की ओर पलायन रूकेगा। मोटर मार्ग का निर्माण समतल पहाड़ी भाग में होने ये 7 मीटर चौड़ाई में भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित किया गया है। प्रभावित होने वाले वृक्षों की गणना भी 7 मीटर चौड़ाई में वास्तविक आवश्यकता के अनुसार की गयी है। भविष्य में इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु और वन भूमि की आवश्यकता नहीं होगी।

विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त इस मार्ग के निर्माण हेतु 2 संरेखणों पर विचार किया गया है जिन्हें प्रस्ताव में संलग्न इन्डैक्स मानचित्र में अलग—अलग रंग से दर्शाया गया है। साथ ही जी.पी.एस. रीडिंग के अनुसार डिजिटल एवं गगुल मैप भी प्रस्ताव में संलग्न है।

**संरेखण संख्या 1** जो लाल रंग से दर्शाया गया है, के अनुसार मोटर मार्ग का निर्माण कमेड़ी देवी से झॅाकरा तक **3किमी0** प्रस्तावित किया गया है। इसके अनुसार मोटर मार्ग का 0.630 है0 भाग नाप भूमि से तथा 1.260 है0 भाग वन पंचायत, व सिविल 0.210है0 में जाता है। है। इस संरेखण में वृक्ष कम प्रभावित होते है। अधिक आवादी लाभान्वित होती है। मानकों के अनुसार ग्रेड एवं पुल निर्माण हेतु पक्का स्थान मिलता है। इस संरेखण से सभी ग्रामवासी भी सहमत है। इस समरेखम दो एच0पी0 बैण्ड पड़ते है।

**संरेखण नं0 2** जो हरे रंग से दर्शाया गया है, के अनुसार आरम्भ में मोटर मार्ग का संरेखण उक्त संरेखण संख्या 1 के अनुसार ही रखा गया है। इस समरेखण में 3 बैन्ड आते है। वन पंचायत एवं सिविल सोयम भूमि में जाता है जिसमें अधिक वृक्ष प्रभावित होते है। मानकों के अनुसार ग्रेड सही नहीं मिलता है और मोटर पुल निर्माण हेतु पक्का स्थान नहीं मिलता। इसके अनुसार मोटर मार्ग निर्माण करने में ग्रामवासियो को भी आपत्ति है।

अतः उक्त को ध्यान में रखते हुए संरेखण नं. 2 को निरस्त कर संरेखण नं. 1 को अनुमोदित किया गया है। इन दौनों संरेखणों का भूवैज्ञानिक द्वारा भी निरीक्षण किया गया है एवं उनके द्वारा **संरेखण नं. 1** को मोटर मार्ग निर्माण हेतु तकनिकी, पर्यावरणीय एवं भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त पाया गया है। अतः 3.00 कि.मी. लम्बाई में न्यूनतम आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 1.470 हैक्टेयर वन भूमि मोटर मार्ग निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

सहायक अभियंता
निर्माण खंड, लो0नि0वि0
कपकोट (बागेश्वर)

अधिशासी अभियंता
निर्माण खंड, लो0नि0वि0
कपकोट (बागेश्वर)

A2.2.1

# दिनांक 26.05.2011 को जिला स्तरीय सड़क सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांक 06.06.2011 को जिला कार्यालय बागेश्वर के सभागार में जिला सडक सलाहकार समिति की बैठक जिला अधिकारी महोदय, बागेश्वर की अध्यक्षता में 11:00 बजे की गयी जिसमें निम्नलिखित जनप्रतिनिधि एंव अधिकारीगण उपस्थित हुए।

1-- मा0 श्री बलबन्त सिंह भौर्याल जी, मा0 मंत्री चिकित्सा शिक्षा सचिवालय प्रशासन एंव सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तराखण्ड सरकार मा0 विधायक, विधान सभा क्षेत्र काण्डा।

2-- मा0 श्री चन्दन राम दास जी, मा0 विधायक विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर।

3-- मा0 श्री शेर सिंह गढ़िया जी,, माव विधायक विधान सभा क्षेत्र कपकोट।

4-- मा0 श्री राम सिंह कोरगा जी, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत बागेश्वर।

5-- मा0 श्री उमेद सिंह माजिला, मा0 सांसद प्रतिनिधि एंव पूर्व विधायक विधानसभा क्षेत्र काण्डा।

6-- इं0 गुलाब राम, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बागेश्वर।

7-- इं0 पी0सी0 जोशी, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कपकोट।

8-- इं0 एन0 के0 सती, प्र0 अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, बागेश्वर।

9-- श्री ललिता प्रसाद, जिला अर्थ एव संख्याधिकारी, बागेश्वर।

10AC
465
25/6/11

बैठक में लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित जिला योजना 2011.12 के अनुमोदन के सम्बन्ध में विचार किया गया।

## जनपद बागेश्वर हेतु जिला योजना 2010--11 के लिए नये कार्यो का चयन एंव अनुमोदन

बैठक का शुभारम्भ करते हुए अधिशासी अभियन्ता,प्रान्तीय, खण्ड,लो0नि0वि0 बागेश्वर द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि वर्ष 2010--11 में जिला योजना के अन्तर्गत 173 स्वीकृत कार्यो पर विभिन्न चरणों में कार्य प्रगति में चल रहे है, जिनकी स्वीकृत लागत ₹ 2682.98 लाख है। इन कार्यो पर दिनांक 01.04.2011 को ₹ 1669.93 लाख अवशेष है। माननीय जनपद प्रभारी / कैबिनट मंत्री उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आयोजित जिला योजना एंव अनुश्रवण समिति की बैठक में लोक निर्माण विभाग के मार्ग / सेतु कार्यो हेतु ₹ 610.00 लाख एंव पूल्ड हाउसिंग के अन्तर्गत श्रेणी ।।। के आवास के निर्माण हेतु ₹. 50.00 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है।

शासनादेश संख्या 56 / 11(2) / 05--47(बजट) / 2005, दिनांक 17.01.2006 द्वारा जिला योजना की संरचना हेतु शासन द्वारा निर्धारित नियमावली के प्रस्तर--9 में संशोधन करते हुए अब अनुमोदित परिव्यय के 3.5 गुना (साढ़े तीन गुना) में से पूर्व के स्वीकृत कार्यो के अवशेष को घटा कर जो राशि प्राप्त होगी उसी सीमा तक एस.एन.डी. के कार्य स्वीकृत किये जाने के आदेश प्राप्त हुए है। अतः उक्त शासनादेश के अनुपालन में वर्ष 2008--09 की जिला योजना संरचना निम्न प्रकार की जानी

R. K.

26-6-11

A 2.2.2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | कपकोट | पोथिंग से तोली तक मोटर मार्ग (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) | 1Job | 0.50 |
| 19 | कपकोट | जगथाना से पोथिंग तक मोटर मार्ग (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) | 1Job | 0.50 |
| 20 | कपकोट | पुड़कुनी से पोथिंग तक मोटर मार्ग (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) | 1Job | 0.50 |
| 21 | कपकोट | मजवा फार्म से डौला तक मोटर मार्ग (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) | 1Job | 0.50 |
| 22 | कपकोट | बागेश्वर कपकोट मोटर मार्ग के किमी0 13 से सीमा तक मोटर मार्ग (भूमि हस्तान्तरण हेतु) | 1Job | 0.50 |
| | | योग विधानसभा कपकोट :– | 61.50 +8Job | 40.66 |
| | | **विधानसभा--काण्डा** | | |
| 1 | काण्डा | बनलेख दोफाड के बीच में पैदल सेतु का निर्माण (केवल एवटमेन्ट निर्माण) | 1No | 8.00 |
| 2 | काण्डा | काण्डे थपलिया मोटर मार्ग का निर्माण द्वितीय किस्त। | 3.00 | 4.67 |
| 3 | काण्डा | धिगारतोला देवली मोटर मार्ग का निर्माण द्वितीय किस्त। | 3.00 | 4.00 |
| 4 | काण्डा | एस0सी0पी0 मजवे मार्ग का विस्तार में पहाड़ कटान हेतु । | 6.00 | 3.00 |
| 5 | काण्डा | कमेड़ीदेवी से झाकरा तक लिंक मार्ग(वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) 3 किमी0 | 1Job | 0.50 |
| 6 | काण्डा | दोफाड पपों रताईस मोटर मार्ग का विस्तार ओखलधार तक (नापभूमि में) | 2.00 | 1.00 |
| 7 | काण्डा | अनगडी मोटर पुल से हरज्यू मन्दिर गापानी तक मोटर मार्ग (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) 5 किमी0 | 5.00 | 0.50 |
| 8 | काण्डा | धिगारतोला देवली मोटर मार्ग के उजेडा से ईडा से भैरु चौपाटा जू0 हाईस्कूल तक मोटर मार्ग (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) 5 किमी0 | 5.00 | 0.50 |
| 9 | काण्डा | दोफाड पपों रताईस मोटर मार्ग से गापानी विजोरिया, खलदोंडी मिलान (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु) 10 किमी0 | 10.00 | 0.50 |
| 10 | काण्डा | चौरा भैरु मोटर मार्ग जू0 हाईस्कूल भैरु से गैराड मोटर मार्ग का मिलान (वनभूमि हस्तान्तरण हेतु)4 किमी0 | 4.00 | 0.50 |
| 11 | काण्डा | काण्डा में गैस्ट हाऊस का निर्माण। | 1Job | 5.00 |
| 12 | काण्डा | लाल पहाड से दोया पुल की ओर सी0सी0 मार्ग का कार्य। | 1Job | 2.00 |
| 13 | काण्डा | नरगोली से तुसरेड़ा मोटर मार्ग | 5.00 | 0.50 |
| 14 | काण्डा | देवीनगर धामपुर से तुसरेड़ा ढांगा तक मोटर मार्ग | 7.00 | 0.50 |
| 15 | काण्डा | नरगोली सिमायल भण्डारीसेरा सलिया जग्यूडाबास(सेराघाट मिलान) | 7.00 | 0.50 |
| 16 | काण्डा | बोहाला घटगाड़ लिंक मार्ग किमी0 3 से हन्योली पम्प हाउस तक | 3.00 | 0.50 |
| 17 | काण्डा | जौलकाण्डे से शीशाखानी मोटर मार्ग का निर्माण। | 5.00 | 0.50 |
| 18 | काण्डा | बोहाला से नन्दीगाँव तक मोटर मार्ग का निर्माण। | 4.00 | 0.50 |
| 19 | काण्डा | रावतसेरा मोटर मार्ग डौला से देवल विसराल माणा दिगोली तक मोटर मार्ग का निर्माण। | 8.00 | 0.50 |
| 20 | काण्डा | सात चौरा जल्थाकोट मोटर मार्ग के किमी0 2 से गंगानाथ धार से सिरोली नारायणदेव मन्दिर तक मोटर मार्ग। | 5.00 | 0.50 |
| 21 | काण्डा | सिमकुना मोटर मार्ग मछियाकोट भिलगड़ी वाजड़ मिलान | 4.00 | 0.50 |
| 22 | काण्डा | काण्डा भाकड़पन्त मोटर मार्ग का विस्तार (नापभूमि) | 2.00 | 5.5[illegible] |
| 23 | काण्डा | जनपद बागेश्वर में पालड़ीछीना–मल्लीढाना–नैनी–बिनसर–भौगाड़ी –दाणुछीना–भटखोला मोटर मार्ग का विस्तार (सर्वेक्षण एवं वनभूमि) | 5.00 | 0.5[illegible] |
| | | योग विधानसभा काण्डा :– | 93.00 +1No +3Job | [illegible] |
| | | **विधानसभा- बागेश्वर** | | |
| 1 | बागेश्वर | रिंग रोड से स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज गण्डलसेरा तक लिंक मोटर मार्ग का निर्माण। | 0.65 | |

A2.2.3

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | बागेश्वर | टाकुली शटरिंग हाउस से ताराशंकर पाठक के मकान के पास भागरथी नाले पर 5मी0 आर.सी.सी. पुलिया का निर्माण। | 1No | 6.00 |
| | | **योग विधानसभा बागेश्वर :–** | **0.65 +1No** | **40.67** |
| | | **योग जनपद बागेश्वर :–** | **155.15 +2No +11Job** | **122.00** |

उक्तानुसार कार्यो का अनुमोदन करने के उपरान्त सदन में उपस्थित माननीय विधायकों द्वारा स्वीकृत कार्यो की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से सम्पादित कराते हुए अधिक से अधिक धन का समय से उपयोग करने के निर्देश दिये गये ताकि स्वीकृत कार्यो का लाभ जनता को समय से मिल सकें।

(ब) **पूल्ड आवासों का निर्माण** :– बागेश्वर जिला मुख्यालय में आवासों की समस्या को देखते हुए श्रेणी–।।। के आवासों के निर्माण हेतु ₹ 50.00 लाख का परिव्यय अनुमोदित किया गया है।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा शीघ्रातिशिघ्र अनुमादित कार्यो का आगणन गठित कर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये तथा उपस्थित महानुभावों का धन्यवाद करते हुए बैठक का समापन किया गया।

**(सी0एस0 नपलच्याल)**
अध्यक्ष / जिला अधिकारी
बागेश्वर।

संख्या 932 B / जिला योजना 2011–12, दिनांक 06-06-11

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित —

1. माननीय अध्यक्ष, जिला पंचायत, बागेश्वर।
2. माननीय सांसद लोक सभा एवं राज्य सभा, भारत सरकार, नई दिल्ली / एवं प्रतिनिधि।
3. माननीय श्री बलवन्त सिंह भौर्याल जी, मा0 मंत्री चिकित्सा शिक्षा सचिवालय प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तराखण्ड सरकार / मा0 विधायक विधानसभा क्षेत्र काण्डा।
4. माननीय विधायक एवं विधायक प्रतिनिधि, विधानसभा क्षेत्र कपकोट / बागेश्वर।
5. मुख्य अभियन्ता,स्तर–1, लो0नि0वि0, देहरादून।
6. आयुक्त महोदय, कुमायूँ मण्डल नैनीताल।
7. मुख्य अभियन्ता,कुमायूँ क्षेत्र,लो0नि0वि0,अल्मोड़ा।
8. जिलाधिकारी महोदय,बागेश्वर।
9. अधीक्षण अभियन्ता,प्रथम वृत्त,लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
10. मुख्य विकास अधिकारी, बागेश्वर।
11. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, बागेश्वर।
12. अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड / निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बागेश्वर / कपकोट।
13. J.E.(T) प्रा0 खं0 कपकोट

06.6.11

सचिव / अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
बागेश्वर।